हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024


तापमान
अधिकतम 19.8 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री


14 कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए बेहतर प्रयास





14 डांस में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा




**खबर संक्षेप**

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक को गिरफ्तार किया है। भगवती मंदिर के प्रिंस कुमार ने 30 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि टांगरी महेशनगर के पास स्थित उसकी दुकान में घुसकर किसी मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### पानीपत पुलिस ने नशा तस्कर को दबोचा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव राणा माजरा में नशा तस्कर इश्तिकार उर्फ आजाद को स्मैक सहित गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी से ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ सतपाल सिंह की मौजूदगी में मादक पदार्थ बरामद किया है। वहीं आरोपी पर थाना सनौली में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

# बारिश और ओलावृष्टि ने बढ़ाई ठंड

## बारिश होने से गेहूं व सरसों की फसलों को लेकर किसानों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते वीरवार को जिले में वर्ष 2024 में पहली बार जिले में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई। दोपहर बाद कुछ देर सूर्यदेव के दर्शन होने से लोगों ने मौसम में बनी ठंडक से कुछ राहत की सांस ली। वहीं,बारिश होने से किसानों के चेहरों में खुशी की झलक दिखाई दी। किसानों ने बारिश को गेहूं व सरसों की फसल के लिए लाभदायक बताया है।

■ बारिश होने से सरसों की फसल की गोभ में अल जैसी बीमारी से राहत मिलेगी

वीरवार तड़के करीब चार बजे आसमान में घने बादल छा गए और



यमुनानगर के छछरौली क्षेत्र में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

बुंदाबांदी शुरु हो गई। इसके कुछ देर बाद जिले में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि शुरु हो गई। सुबह के वक्त करीब आठ बजे तक जिले के कई स्थानों पर बारिश जारी रही। इस दौरान रादौर क्षेत्र में हल्की बारिश व छछरौली और प्रतापनगर समेत अन्य स्थानों पर तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। खासकर छछरौली क्षेत्र में ज्यादा ओलावृष्टि हुई। बारिश और ओलावृष्टि के साथ शीतलहर चलने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। जिससे लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर होना पड़ा।

किसान परविंद्र कुमार, सुरेश पाल, कर्म सिंह, साहिल व अंकित आदि ने बताया कि वर्ष 2024 का पहला महीना जनवरी पूरी तरह घने कोहरे और शीतलहर की भेंट चढ़ गया और लोग बारिश होने की इंतजार करते रहे। अब फरवरी माह शुरु होते ही पहले दिन वीरवार सुबह जिले में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। उनका कहना है कि बारिश गेहूं व सरसों की फसल के लिए काफी लाभदायक है। मगर बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि फसलों के लिए नुक्सानदायक है। किसानों का कहना है कि इस समय अगेती गेहूं की फसल में बालियों के लिए गोभ बन रही है, वहीं, सरसों की फसल पर फलियां बन रही हैं। ऐसे में ओलावृष्टि होने से सरसों की फसल को नुक्सान होने की संभावना है। हालांकि बारिश होने से सरसों की फसल की गोभ में अल जैसी बीमारी से राहत मिलेगी।

### बारिश गेहूं की फसल के लिए वरदान

**कुरुक्षेत्र।** जिला में देर रात्रि हुई बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है। गेहूं, आलू और हरी सब्जियों की फसल के लिए लंबे समय से बारिश का इंतजार हो रहा था जो अब खत्म हुआ। हालांकि बारिश से फसलों को कितना लाभ मिल पाता है, इसका आने वाले दिनों में पता चलेगा। मगर फसल की रुकी वृद्धि में निश्चित तौर पर तेजी आएगी।



जिला में बुधवार सुबह हल्की बूंदाबांदी होने के बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। देर रात्रि फिर मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी। बारिश के बाद जिले में पड़ रही शुष्क ठंड के प्रकोप से भी थोड़ी राहत मिली है। वीरवार को पूरा दिन आसमान में बादल छाए रहे। गेहूं की फसल के लिए बारिश वरदान बनकर आई है। अभी तक विंटर रेन न होने से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें थी। फसल से अच्छी पैदावार लेने के लिए सिंचाई की जरूरत थी।

# नशीले इंजेक्शनों के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने एक व्यक्ति से 15 नशीले इंजेक्शन के साथ काबू किया है। ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह व यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सतबीर सिंह राठौड़ ने बताया कि यूनिट की एक पुलिस टीम ए ए स आ ई मतलुब हुसैन के नेतृत्व में शनि देव मंदिर सेक्टर 8 अंबाला शहर में गश्त पर मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि अंबाला शहर की बादशाही बाग कॉलोनी का रहने वाला सुमित उर्फ घोचू नशीले इंजेक्शन बेचने का कारोबार करता है। सूचना के आधार पर ही पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। इसके बाद उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15 नशीले इंजेक्शन जब्त किए गए। अब आरोपी के खिलाफ अंबाला शहर के सेक्टर 9 थाने में केस दर्ज किया गया है। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर सतबीर सिंह राठौड़ ने बताया कि जहां से भी आरोपी यह नशे के इंजेक्शन खरीद कर लाया था। उसके सप्लायर को काबू किया जाएगा।

■ सप्लायर का पता लगाने के लिए पुलिस आरोपी से कर रही है पूछताछ



नशीले इंजेक्शनों के साथ पकड़ा गया युवक।

# इनेलो के फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर अमेरिका में शरण लेने का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इनेलो के फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर अमेरिका में शरण लेने के मामले कुरूक्षेत्र पुलिस ने मामला दर्ज कर कुरुक्षेत्र कोर्ट परिसर से 2 आरोपियों को हिरासत किया है। जिन्हें पुलिस द्वारा वीरवार को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जिला पुलिस ने इनेलो युवा प्रदेश प्रधान महासचिव सोहनलाल की शिकायत पर केस दर्ज किया। पुलिस ने राजेंद्र और राहुल नाम के दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। सोहनलाल उर्फ सोनू शर्मा संगरौली ने बताया कि उन्हें पता चला था कि विदेश में शरण लेने के लिए कुछ लोग इनेलो के जाली लेटर पेड पर पार्टी के नेताओं के फर्जी हस्ताक्षर करके उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इनेलो के फर्जी प्रमाण पत्र के एवज में रैकेट में शामिल आरोपी विदेश में जाने वाले लोगों से 25 हजार से लेकर एक लाख तक ठग रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले अमेरिकी दूतावास की एक टीम इनेलो दफ्तर पहुंची थी और मामले की छानबीन की थी। उस दौरान जांच अधिकारियों ने कुछ इनेलो के पत्र भी दिखाए थे, जिसे पार्टी ने फर्जी करार दिया था। इस मामले में डीएसपी हेडक्वार्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि सोहनलाल शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज कर 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

■ पुलिस ने दो आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया

# पानीपत में हत्या के आरोपी दो सगे भाई 29 साल बाद गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक कुमार की टीम ने रिफाइनरी में वर्ष 1995 में हुई श्रमिक की हत्या मामले में फरार दो आरोपियों जगतराय व बली राय को बुधवार को बिहार के चंपारण जिला से गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। दोनों आरोपी सगें भाई है। वारदात के समय एक आरोपी नाबालिग था। इधर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा ने वीरवार को सीआईए वन स्टाफ में प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपियों ने पानीपत रिफाइनरी क्षेत्र में श्रमिक शंभू यादव निवासी रतनपुर पूर्व चंपारण बिहार की गला रेत कर हत्या की थी। इस संबंध में थाना मतलौडा में 27 जुलाई वर्ष 1995 जुलाई महीने में मुख्तयार निवासी रसीदपुर छपार बिहार की शिकायत पर केस दर्ज है। एएसपी मिश्रा ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी भाई फरार हो गए थे, वहीं कोर्ट ने दोनों को भगोड़ा घोषित किया था। वहीं आरोपियों ने बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब में फरारी काटी। इधर, आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया।

■ कोर्ट ने दोनों को भगोड़ा घोषित किया था

# तालाब में तैरती मिली बुजुर्ग की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव कंबासी में सुबह के समय तालाब में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। गांव के सरपंच पति बलबीर सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब सवा सात बजे गांव के ही शेर सिंह ने उन्हें फोन किया कि तालाब में किसी का शव तैर रहा है। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचे, लेकिन शव की पहचान नहीं हो गई। इतनी देर में पता चलते ही ग्रामीण वहां एकत्रित हो गए। उन्होंने पुलिस को सूचित किया और सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गुलशन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। इसके बाद ग्रामीणों ने उसकी पहचान गांव के ही शमशेर सिंह (75) के रूप में की। मृतक के बेटे अनिल कुमार ने बताया कि उनके पिता बीती 29 दिसंबर 2023 को अपने भाई के घर जाने की बात कह कर घर से निकले थे लेकिन न तो वह वापस लौटे और न ही भाई के घर पहुंचे। मृतक मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे।



बुजुर्ग शमशेर सिंह का फ़ाइल फोटो

■ एक महीने पहले घर से हुआ था गायब

### परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को तालाब से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। फिलहाल परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। मामले में धारा 174 के तहत इत्तेफाकिया कार्रवाई की है। - गुलशन कुमार, थाना प्रभारी बराड़ा।




**खबर संक्षेप**

### करनाल के तीन युवा नेता प्रदेश सचिव बनाए

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा जारी पदाधिकारियों की पहली सूची में करनाल के तीन युवा नेताओं को जगह मिली है। अंशुल लाठर, समर्थ सहोता व योगेंद्र राणा को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। तीनों नेताओं ने अपनी नियुक्ति के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों व हाईकमान का आभार प्रकट किया है। प्रदेश सचिव अंशुल लाठर ने कहा कि वह अपनी नियुक्ति के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा,



### इस बार बनेगी कांग्रेस की सरकारः गुप्ता

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में निकाली जा रही कांग्रेस जन संदेश यात्रा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है और इससे साफ हो गया है कि जनता हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए तैयार बैठी है। भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी का चुनाव में सूपड़ा साफ हो जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता पाल नगर में नुक्कड़ सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जहां कांग्रेस जन संदेश यात्रा प्रभाव छोड़ रही है, वहीं राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा से लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद है। जनता पूरी तरह से तैयार बैठी है।

#### बजट में देश के गरीबों व किसानों का रखा गया ख्याल

# बजट देश को विकसित राष्ट्र की राह पर ले जाने वाला

**मोदी सरकार ने निरन्तर गरीब कल्याण के लिए कार्य किया है तथा आने वाले समय में गरीबों के लिए 2 करोड़ और मकान बनाए जाएंगे: कल्याण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण ने केन्द्रीय बजट पर प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्तमंत्री सीतारमन का अंतरिम बजट भारत को विकसित बनाने की राह पर आगे बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार द्वारा बजट में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं का रखा पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि जहां अन्नदाता के जीवन स्तर में निरन्तर सुधार मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है वहीं ग्लोबल इकोनॉमी में भी भारत ब्राइट स्पॉट बनकर उभरा है तथा भारत आज दुनिया की सबसे तेज रफ्तार वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। विधायक कल्याण ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.80 करोड़ किसानों के बैंक खातों में दो लाख 81 हजार करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि भेजी गई है तथा ई-नाम मंडियों के माध्यम से व्यापारी व किसान वर्ग दोनों को लाभ हुआ है। विधायक कल्याण ने कहा कि मोदी सरकार ने निरन्तर गरीब कल्याण के लिए कार्य किया है तथा आने वाले समय में गरीबों के लिए 2 करोड़ और मकान बनाए जाएंगे जिससे उनके जीवन की कठिनाइयाँ कम होंगी। उन्होंने कहा कि जहां आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स, सहायिकाओं को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाएगा वहीं रूफटॉप सोलराइजेशन की नीति के माध्यम से एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी।

## बजट महिलाओं, युवाओं व किसानों के लिए हितकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

बजट मे सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ सभी वर्गो और क्षैत्रो के विकास का ध्यान रखा गया। केन्द्र सरकार द्वारा वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने बाद हल्का विधायक धर्मपाल गोंदर ने उपरोक्त शब्द पत्रकारों से बातचीत करते कहे। उन्होने कहा कि गरीबों के लिए सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। गरीब कल्याण योजना में 34 लाख करोड़ रुपए खातों में भेजे। महिलाओं के लिए करीब 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनीं। अब 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। युवाओं के लिए स्किल इंडिया मिशन के तहत 1.4 करोड़ युवाओं को ट्रेंड और 54 लाख लोगों को दोबारा से सिखाया गया। 3 हजार नई आईटीआई बनाई गईं। उच्च शिक्षा के लिए 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 यूनिवर्सिटी स्थापित कीं। अन्नदाता (किसान)पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है। उन्होने कहा कि वित मंत्री ने महिलायों, युवाओं, किसानों, छोटे दुकानदारों व छोटें व्यापारियो को विशेष पैकेज देकर उनका आर्थिक लाभ पहुंचाया है। हर वर्ग इस सरकार से खुश है। युवाओं को बिना पैसे बिना पर्ची नौकरी देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया है।



अपने कार्यालय मे बजट पर चर्चा करते हुये विधायक धर्मपाल गोंदर

### पुलिसकर्मियों ने मनाया हर घर परिवार सुर्या नमस्कार

- योगा शिविर में पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हृदय पूर्ण रूचि दिखाई वएक साथ सूर्य नमस्कार व योग किय।

**करनाल।** पुलिस अधीक्षक करनाल शशांक कुमार सावन,आईपीएस के मार्गदर्शन में लाइन ऑफिसर एसआई बलवान और सीडीआई पुलिस लाइन एएसआई बिजेंदर के नेतृत्व में जिला पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों द्वारा एक साथ आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर परिवार सुर्यनमस्कार अभियान -2024₹ के तहत योग व सूर्य नमस्कार कराया गया। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज नई पुलिस लाइन करनाल में जिला पुलिसकर्मियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार व योग किया। इस योगा शिविर में पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हृदय पूर्ण रूचि दिखाई। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस योग शिविर में सीडीआई पुलिस लाइन करनाल एएसआई बिजेंदर ने सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम विलोम सहित अन्य सभी योग क्रियाएं करवाई। इस योग शिविर में योग की विभिन्न क्रियाओं को सभी पुलिसकर्मियों ने किया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि योगा से सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी स्वस्थ रहेंगे।

## सब्जी उत्कृष्टा केंद्र में चार व पांच फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

सब्जी उत्कृष्टा केंद्र में चार व पांच फरवरी को प्रदेश स्तरीय 10 वां किसान सब्जी मेला लगाया जा रहा है। मेले में प्रदेश भर से लगभग पांच हजार किसानों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। किसान मेले के तैयारी जोरो से चल रही है। सब्जी उत्कृष्टा केंद्र के उप निदेशक बिल्लू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र में हर वर्ष प्रदेश स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष चार व पांच फरवरी को प्रदेश स्तरीय किसान सब्जी मेला सब्जी उत्कृष्टा केंद्र में लगाया जाएगा। मेले का शुभारम्भ विधायक हरविंदर कल्याण करेंगे व समापन समारोह पर हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में लगभग पांच हजार किसानों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। मेले में लगभग सौ सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। वही जैसे सीड, पोली हाउस, फ़र्टिलाइज़र जैसी कंपनी भी प्रदर्शनी लगायेंगी। इसी के साथ हर जिले से दो किसानों को पुरस्कार के लिए चयनित किया जाएगा, वे किसान भी अपनी प्रदर्शनी लगाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में किसानों को खाने, पीने जैसी व्यवस्था भी की जाएगी। मेले में किसानों को नई -नई तकनिकियों के बारे में जानकारी भी मिलती है।

### छात्राओं को महिला अपराधों से बचाव करने के लिए पढ़ाया कानूनी पाठ



**करनाल।** डीएसपी महिला सुरक्षा करनाल नायाब सिंह के निर्देशन में महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा निर्मल पब्लिक स्कूल, आर्य पुरम करनाल में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया। महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया की आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया की समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। टीम ने छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। टीम ने छात्राओं को उसके घर, स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति पुलिस फोर्स द्वारा सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पुलिस टीम काउंसलिंग सेल से महिला निरीक्षक राजेश लता और स्कूल छात्राएं मौजूद रही।

## छात्राओं को वोट बनवाने के लिए किया प्रेरित

- लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर युवा का वोट बनना जरूरी
- लोगों को मतदान के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी के दिशा निर्देशन और महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ मीनू आनंद के कुशल नेतृत्व में कालेज मे व्यक्तित्व विकास की निपुणता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा अपने मत के प्रति जागरूक करने के लिए तहसीलदार घरौंडा गुरुदेव सिंह ने छात्राओं को व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्राओं को वोट बनवाने और एक मजबूत प्रजातंत्र की स्थापना करने के लिए वोट डालने पर बल दिया। महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर मोनिका गोस्वामी जो एक सामाजिक कार्यकर्ता ,एडवोकेट के साथ-साथ लाइफ कोच और फैशन डिजाइनर ने शिरकत की। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्राओं को आंतरिक और बाहरी व्यक्तित्व के विकास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि हमारा जो व्यक्तित्व है वह हमारी सोच, विचारों ,प्रतिक्रिया तथा हमारी वेशभूषा सभी पर निर्भर करता है। हमें अपने विचारों तथा सोच में सकारात्मकता लाना बहुत ही जरूरी है इसके साथ-साथ उन्होंने बच्चों को पुस्तकों की महत्ता तथा स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉक्टर मीनू आनंद ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया तथा छात्राओं को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया तथा साथ ही उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्राओं को व्यक्तित्व में विकास के लिए आत्मनिरीक्षण करने पर बल दिया तथा छात्राओं को यह संदेश दिया कि उन्हें अपने जीवन में अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए अपने हौंसलो को बुलन्द करना होगा। इस अवसर पर श्रीमती पूजा शर्मा, श्रीमती रचना,डॉ.सतीश कुमार,डॉ.विक्रम सिंह ,श्रीमती अनुराधा,पवन कुमार तथा संदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने की कवायद तेज

- , बड़े डिफाल्टरों को एक सप्ताह का दिया अंतिम समय, सम्पत्ति कर न भरने पर प्रॉपर्टी होगी अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

प्रॉपर्टी टैक्स बकायादारों से सम्पत्ति कर वसूल करने के लिए नगर निगम ने अपनी कवायद बढ़ा दी है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि बीते माह बड़े डिफाल्टरों को नोटिस जारी किए गए थे और बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए एक माह का समय दिया गया था। जिन बकायादारों का समय पूरा हो गया है, नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा स्वयं विजिट कर सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए कहा गया है। ऐसे डिफाल्टरों को एक सप्ताह का अंतिम समय दिया गया है। इस अवधि में जो डिफाल्टर अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाएंगे, उनकी प्रॉपर्टी को अटैच करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से बकायादारों को लगातार छूट दी जा रही है। नववर्ष पर सरकार ने फिर उदारता दिखाते हुए ब्याज माफी का तोहफा दिया था। इसके बावजूद भी जो बकायादारा अपना सम्पत्ति कर नगर निगम कार्यालय में जमा नहीं करवाएगा, उसके विरूद्घ आवश्यक रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## शिविर में दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

श्री गुरु नानक देव जी रिसर्च फाउंडेशन एंड वेलफेयर सोसायटी, गुरु नानक हॉस्पिटल ० डिवाइन इंडिया आई वी एँफ़ सेंटर करनाल तथा उनकी टीम द्वारा गांव बाहरी में स्वास्थ्य जागरूकता कैंप लगाया गया। यह शिविर बाहरी के सब से प्रसिद्ध स्थान मीरा बाबा के डेरे में लगाया गया।जिसमे मुख्य डॉ हरदीप सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा डॉ प्रभजोत कौर स्त्री रोग विशेषज्ञ उनकी पूरी मेडिकल टीम लोगों को स्वस्थ रहने के तरीके बताए। शिविर मुख्य रूप से परिवार में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे ग्रामवासियों को जागृत किया गया। सरपंच पालाराम तथा मीराबाबा डेरा के मुख्य सेवक तथा गांव की सभी महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। गांव के सभी मरीजों को उनकी तकलीफ के लिए उन्हें जरूरी दवाईयां दी गई। गांव की महिलाओ का भी मेडिकल चेकअप करवाया तथा उन्हें निशुलक दवाइयाँ उपलब्ध करवाई। डॉ प्रभजोत कौर ने महिलाओ को बच्चेदानी के मुंह का कैंसर के बारे में सावधान किया इसका पूर्णतः इलाज भी संभव है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए स्वछता का पूरा ध्यान रखे। बहुत ज्यादा तेल, मसालों से बने भोजन का उपयोग न करें, खाने में सलाद, दही, दूध, दलिया, हरी सब्जियों का सेवन करें।



- शिविर लगाकर गांव के सभी मरीजों को उनकी तकलीफ से बचाव के लिए उन्हें जरूरी दवाईयां दी

### अस्पताल की सेवाओं को सराहा

**करनाल।** करनाल तथा अंबाला मंडल के संभागीय आयुक्त रेणु एस. फूलिया तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में दर्शनार्थ उपस्थित हुई और उन्होंने वर्तमान प्रेरक भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल का निरीक्षण कर सामान्य रोग, बाल रोग, दांत-आंख रोग, पैथोलॉजी लैबोरेट्री, फिजियोथेरेपीसंबंधी रोगों के कम दामों पर उपलब्ध कराए जा रहे स्तरीय उपचार पर प्रसन्नता प्रकट की ओर इस सेवा प्रकल्प से जुड़े सभी महानुभावों की अनुमोदना की। विशेष रूप से स्वागत स्थल पर स्थापित महामंत्र नवकार तथा भगवान महावीर के चित्र का अनावरण संभागीय आयुक्त ने अपने करकमलों से किया।

### आशा वर्कर्स ने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा




**करनाल।** आशा वर्करो ने निर्णय लिया है कि यदि 15 फरवरी 2024 तक विभाग ने 5 महीने का मानदेय खाते में नहीं डाला ओर अन्य मानी गई मागो को। लागू नही किया तो आशा वर्कर 16 फरवरी को करनाल जिला की तमाम आशा वर्कर हडताल पर रहेगी आज करनाल मे आशा वर्कर कर्ण पार्क करनाल मे इक्ठा हुई ओर वहा से शहर मे प्रदर्शन करते हुऐ सिविल सर्जन कार्यालय पहुंची ओर वहा पर जोरदार नारेबाजी करते हुऐ 16 फरवरी की हडताल का नोटिस सी एम ओ करनाल को सौपा ओर साथ ही लोकल समस्याओ का माग पत्र भी सी एम ओ को दिया जिला प्रधान।नीरू , सचिव सुदेश, सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, सचिव जगपाल राणा, कैशियर ओ पी माटा ने बताया कि 73 दिन की हड़ताल आशा वर्करो की हड़ताल के दौरान सरकार द्वारा मानी गई मागो को लागू नही किया जा रहा है हरियाणा प्रदेश की आशा वर्कर ने निर्णय लिया गया है कि 16 फरवरी 2024 को हडताल करने का फैसला लिया है आज की मिटिग मे सतपाल सैनी,जगपाल राणा, ओ पी माटा , निशा, रोशनी, पूनम सालवन, रूपा सैनी, मीना सैनी, सीनू, सुदेश, रोशनी, नीरू आदि रहे।

### द किड ने बनाया धमाकेदार एकल गीत ओके

**करनाल।** पंजाबी हिप-हॉप के चाहने वालों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। पंजाबी हिप-हॉप जगत का जानामाना चेहरा एमसी द किड जो उभरते प्रोड्यूसर भी है, ने अपने नए एकल गीत, ओके के साथ तहलका मचाने की पूरी तैयारी कर ली है। सिधू मूसेवाला, दिलजीत दोसांझ, अर्जन ढिल्लन जैसे दिग्गज कलाकारों के लिए प्रोडक्शन पावरहाउस होने के नाते, द किड ओके के साथ विस्फोटक फ्यूजन पेश करने जा रहा है, जो विंटेज सोल साउंड्स, लुभावने लिरिक्स और एक गंभीर शहरी वाइब का उम्दा मिश्रण है, जिसमें हसल संस्कृति का असली सार झलकता है।ओके, संगीत के महारथी ईशान और इलम द्वारा लिखित तथा संगीतबद्ध है, द किड ने प्रोडक्शन में फ्लेक्स सिंह के साथ मिलकर काम किया है।अपने गीत के बारे में उत्साहपूर्वक बताते हुए, द किड ने कहा, ₹मैं ₹ओके₹ को दुनिया के सामने लाने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

## हरियाणवी सांग जानी चोर का किया मंचन

- जिसमे मुख्य अतिथि समाज सेवी कर्मवीर गुप्ता ने रिबन काटकर सॉन्ग का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

सामाजिक संस्था शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से नई अनाज मंडी में 12 दिवसीय सांग महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। 22 वे सामूहिक विवाह महोत्सव के अवसर पर 11 लड़कियों का विवाह 14 फरवरी को करवाया जाएगा। इस अवसर पर शिव शक्ति सेवा मंडल और हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आज पहले दिन हरियाणवी सांग जानी चोर का मंचन किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि समाज सेवी कर्मवीर गुप्ता ने रिबन काटकर सॉन्ग का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा संस्था शादिया करवा कर बहुत नेक कार्य कर रही है। और हरियाणवी कला को जीवंत रखने का सांग अच्छा माध्यम है, सभी को इससे जुड़ना चाहिए। आज जानी चोर सांग का मंचन धर्मवीर सोनू भगाना सांगी द्वारा किया गया. इस सांग मे बताया गया अदली शाह राजा महकदे रानी को कैद कर लेता है और उसका धर्म परिवर्तन की बात करता है. और कहता है 10 दिन वो खुद तैयार हो जाये या उसका वो धर्म परिवर्तन करा देगा. इसका पता जानी चोर को लगता है महकड़े रानी उसे रहती है की धरती पर कोई भी ताकतवर इंसान नहीं रहा जो कि इस पठान की कैद से उसे छुड़ा सके. तू जानी चोर अपना भेष बदल कर जाता है और महकदे रानी को पठान की कैद से छुड़ा कर ले आता है। इस अवसर पर धीरज भाटिया ने बताया कि इस 12 दिवसीय सॉन्ग महोत्सव में 1 से 4 तारीख तक धर्मवीर सोनू भगना वाले सांगी सांग का मंचन करेंगे और यह सॉन्ग हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित किया जा रहे हैं और 14 फरवरी को 11 लड़कियों की शादी की जाएगी। इस अवसर पर सुशील कुमार गोयल, कुलदीप कैमला,राज सिंगला, सुरेंद्र सिंगला, धीरज भाटिया, दीपक शर्मा, विनोद गोयल, देवेंद्र धीमान आदि रहे।



### आगे बढ़ने की भावनाओं को दिखाता है एंड अप

**करनाल।** पंजाब का उभरता सितारा, जो अपने भाव भरे गायन और उत्तेजना भरे प्रोडक्शन, जिंद यूनिवर्स के लिए जाना जाता है, ने अपनी नई रिलीज एंड अप के साथ अपने चाहने वालों के दिलों को छू लेने की तैयारी कर ली है। अपने मार्मिक गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए, यह ट्रैक दिल के दर्द, बिछड़ने और आगे बढ़ने की कोमल भावनाओं को दिखाता है, एक ऐसे अनुभव का एहसास कराता है, जो हर किसी को अपना सा लगे, मानों उसी की दास्तां छेड़ दी हो।

मनोरम प्रेम गीत ₹एंड अप श्रोताओं को अपनी भूली बिसरी यादों और पिछले टूटे रिश्ते के सुहाने दौर की यादें ताजा करता है। जिंद यूनिवर्स द्वारा गाया और निर्मित यह ट्रैक, इंद्रजीत सिंह द्वारा संगीतबद्ध और प्रभ संघा द्वारा लिखा गया है।

#### एमएसपी खरीद गांरटी को कानून बनाए केंद्र सरकार

## ग्रामीण भारत बंद को लेकर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वाधान में अर्जुन नगर स्थित दीनबंधु सर छोटूराम किसान भवन में किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर की अध्यक्षता में मासिक किसान पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें सयुंक्त किसान मोर्चा(एसकेएम) की ओर से आने वाली 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंध को सफल बनाने के लिए गांव गांव में जाकर प्रचार करने के लिए चर्चा की गई। प्रदेश संगठन मंत्री शाम सिंह मान, जिला महासचिव सुरेंद्र बैनीवाल, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, हलका इंद्री प्रधान दिलावर सिंह डबकोली, घरोंडा हलका प्रधान धनेतर राणा, किसान नेता नेकीराम सहित कई किसान नेताओं चर्चा में हिस्सा लिया। उपस्थित किसानों ने किसान पंचायत में जोरदार नारेबाजी करके अपनी आवाज को बुलंद्व किया। किसान पंचायत में हर हलका में प्रचार करने के लिए टीमों का गठन भी किया गया। इस मौके पर भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली किसान आंदोलन को स्थगित हुए करीब दो साल का समय बीत चुका है। लेकिन केंद्र सरकार ने आज तक अपना वादा पूरा नही किया है। एमएसपी पर खरीद गांरटी का कानून बनाए जाने सहित अन्य मांगों को पूरा नही किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर यह ग्रामीण बंध सफल होता है, तो केंद्र सरकार के लिए यह एक कड़ी चुनौती के रूप में साबित होगा। इसलिए हम सभी किसान मजदूर भाईयों ने मिलजुल कर शांतिप्रिय तरीके से इस बंध को कामयाब बनाना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष इनाम खान, महेंद्र मढ़ाण, वेद सागवान, राम दुरेजा, राजकुमार नोतना, विनोद राणा, सतबीर मढ़ाण सहित काफी सं2या में किसान मौजूद थे।



करनाल। दीनबंधु सर छोटूराम किसान भवन के बाहर नारेबाजी करते हुए किसान।

## न्यायाधीश रीतू वाईके बहल को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिला अदालत में फेमिली कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रीतू वाईके बहल का कैथल अदालत में तबादल हो गया है। वह कैथल में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर अपनी सेवाएं देंगी। गुरुवार को जिला करनाल बार एसोसिएशन की ओर से न्यायाधीश रीतू वाईके बहल को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप चौधरी व अन्य पदाधिकारियों ने न्यायाधीश को पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस मौके पर प्रधान संदीप चौधरी ने कहा कि न्यायाधीश रीतू वाईके बहल की कार्यशैली हमेशा प्रशसंनीय रही है। जनता को न्याय देने में उनकी अहम भूमिका रही है। करनाल बार एसोसिएशन उनका आभार प्रकट करती है और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती है। साथ ही करनाल अदालत में नए न्यायाधीश सुशील कुमार गर्ग का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर, बार एसोसिएशन के उपप्रधान गोपाल सिंह चौहान, महासचिव विकास संधू, संयुक्त सचिव अमरजीत धानिया, कोषाध्यक्ष मनोज गांधी, वीरेंद्र पहल, रामपाल चौधरी, जे.सी. चावला, कंवरप्रीत सिंह आदि रहे।




**करनाल।** न्यायाधीश को सम्मान के साथ विदाई देते बार एसोसिएशन के मेंबर।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषीः मालती



**पानीपत।** हरियाणा सरकार ने सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति के कल्याण और अंत्योदय सेवा विभाग हरियाणा द्वारा कार्यान्वित की जा रही 14 श्रेणियों की पेंशन में ढाई सौ रुपये मासिक वृद्धि को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके साथ ही 2019 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया पेंशन में बढ़ोतरी का वादा भी पूरा हो गया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी मालती अरोड़ा ने पेंशन बढोतरी पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया।

### सात जिलों की प्रभारी बनी डॉ.अर्चना

**पानीपत।** हरियाणा भाजपा हाईकमान ने पार्टी की प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता को महिला मोर्चा की सात जिलों अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पंचकुला, यमुनानगर, पानीपत व कैथल जिलों का प्रभारी बनाया गया है। वहीं अपनी नियुक्ति पर डा.अर्चना गुप्ता ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया।

### आंदोलन की अनदेखी न करें सरकार

**पानीपत।** पुरानी तहसील में चल रहे पटवारी व कानूनगो हरियाणा संगठन जिला पानीपत के धरने में कांग्रेस नेता महीपाल सूबेदार पहुंचे तथा उन्हें अपनी व पार्टी की तरफ से समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार जल्दी ही उनकी मांगों पर विचार करके इसका समाधान करवाया जाए। सूबेदार महीपाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपनी गलत नीतियों से हरियाणा में त्राहि त्राहि मचा रखी है।

### पाकिस्तान जाने के लिए श्रद्धालुओं से मांगे आवेदन

**पानीपत।** गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस और महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर जून में पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा में जाने के लिए भारतीय श्रद्धालुओं/जत्थों से भारत सरकार द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनकर्ता राज्य सरकार को इसके लिए 15 अप्रैल तक प्रोफार्मा भरकर आवेदन कर सकते हैं।

## कांग्रेस व इनेलो नेताओं ने मोदी सरकार के बजट को जनविरोधी बताया

# भारत को विकसित होने की राह पर ले जाने वाला है मोदी सरकार का बजट


सांसद संजय भाटिया।


विधायक प्रमोद विज।


विधायक महिपाल ढांडा।


भाजपा नेता जयदेव


इनेलो नेता रणबीर


कांग्रेसी नेता सचिन कुंडू।


सांसद कृष्ण लाल पंवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मोदी सरकार के बजट को जहां सत्ता पक्ष ने सरहाते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्तमंत्री सीतारमन द्वारा संसद में पेश किया गया अंतरिम बजट भारत को विकसित बनाने की राह पर आगे बढ़ाने वाला। करनाल लोकसभा से सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा से सांसद कृष्ण लाल पंवार, पानीपत सिटी हलके से विधायक प्रमोद विज, पानीपत ग्रामीण हलके से विधायक महिपाल ढांडा, भाजपा के युवा नेता जयदेव नौल्था ने एक कहा कि मोदी सरकार ने बजट में गरीबों, किसानों, महिलाओं युवाओं का रखा पूरा ध्यान है। वहीं अन्नदाता के जीवन स्तर में निरन्तर सुधार मोदी सरकार की प्राथमिकता है। ग्लोबल इकोनॉमी में भारत ब्राइट स्पॉट बनकर उभरा। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11.80 करोड़ किसानों के बैंक खातों में दो लाख 81 हजार करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि भेजी, यह किसान हित में मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम है। वहीं ई नाम मंडियों के माध्यम से सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, सूरजमुखी जैसी फसलों की आत्मनिर्भरता की रणनीति को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए दो करोड़ और मकान बनाए जाएंगे। मोदी सरकार ने लगभग तीन करोड़ मकान बनाकर गरीबों को दिए है। वही आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स, सहायिकाओं को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाएगा। जबकि रूफटॉप सोलराइजेशन की नीति के माध्यम से एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। उन्होंने कहा कि ढांचागत विकास की गति को और तेज गति प्रदान करने का प्रावधान किया है। वही 11 प्रतिशत अधिक धनराशि का खर्च होगी। जबकि तीन नए रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। 40 हजार रेल डिब्बों को वंदे भारत कोच में बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के हर नागरिक को जहां सात लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर इनकम टैक्स नही देना होगा। वहीं कोई नया टैक्स नही लगाया गया है। जबकि स्किल इंडिया के तहत 1.4 करोड़ युवाओं को ट्रेनिंग देकर रोजगारपरक बनाया है। पानीपत सिटी हलके से विधायक प्रमोद विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट सर्वस्पर्शी, समावेशी, दूरदर्शी, सभी वर्गों का ध्यान रखने वाला, देश की दशा-दिशा तय करने वाला एवं 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग को समर्पित बजट है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, निवेश, अधोसंरचना को लेकर विशेष प्रावधान किए गए हैं। यह बजट ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को चरितार्थ कर रहा है। जबकि युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू व इनेलो की व्यापार सैल के जिलाध्यक्ष रणबीर देशवाल ने मोदी सरकार के बजट को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि बजट पूरी तरह से निरस है। उन्होंने केंद्र सरकार के आम बजट को किसान मजदूर विरोधी करार देते हुए कहा कि सरकार ने चुनावी बजट पेश करके लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं को रोजगार के नाम पर बरगलाने की कोशिश की है। बेरोजगारी व महंगाई पर बजट में कुछ भी नहीं है। वित्त मंत्री ने आंकड़ों में उलझाने का काम किया है। इस बजट से किसी भी वर्ग को कोई फायदा नहीं हुआ।


पानीपत। महिलाओं को कंबल भेंट करती हुए कुमारी रंजिता कौशिक।

## दान से बदलती है जीवन की दिशा व दशाः कौशिक

- जरूरत मंद लोगों को गर्म वस्त्र वितरित कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा की अग्रणी संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन की और से कड़ाके की इस ठंड में इसराना में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरत मंद लोगों को गर्म वस्त्र वितरित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंच कर फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रंजिता कौशिक ने कहा कि हमें अपनी कमाई का कुछ हिस्सा गरीबों को दान कर पुण्य कमाना चाहिये। जरूरत मंदों की सेवा से भाग्य परिवर्तन होता है व शांति मिलती है।जरूरत मंदों से मिलने वाला आशीर्वाद भाग्यवानों को ही मिलता है जो जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदलने का कार्य करता है। इस नेक कार्य में उन लोगों का अहम योगदान हो सकता है जो लोग आर्थिक रूप से सक्षम हैं। उन्होंने कहा की गरीब व असहायो की मदद सच्ची सेवा है इससे मन से करना चाहिए। हमारे आस-पास ऐसे बहुत से असहाय लोग रहते हैं जिनके पास कमाई का ठोस जरिया नहीं है वे किसी ना किसी तरह से कठीन मेहनत करके अपनी जीविका चलाते हैं व अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। हमें ऐसे लोगों की खास तौर पर महिलाओं की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते है लेकिन दुसरों के लिए जीना बहुत ही कठीन व दुःखदायी है।

हमें इस बात को नहीं भुलना चाहिए की इस मार्ग पर चलने वाले हमेशा दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं। उन्होंने आह्वान किया की फाउंडेशन लगातार इस दिशा में अग्रसर है व अहसाय लोगों की मदद करती रही है। फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्षा रंजिता कौशिक ने कहा कि इस क्षेत्र में इस सेवा को विस्तार देने की आवश्यकता है। समाज के ऐसे लोगों को विशेष तौर पर आगे आना चाहिए जो कुछ करने में सक्षम है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

## जरूरतमंद लोगों की सेवा करेगा लीनस क्लब

### सेवा के लिए क्लब की कार्यकारिणी ने श्री राम के नाम का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** भगवान श्रीराम की पूजा करती लीनस क्लब की अध्यक्ष डा.कालिंदी व अन्य ।

लीनस क्लब पानीपत ग्रेटर की अध्यक्ष डॉ.कालिंदी ने पद ग्रहण करने के बाद एक साल के कार्यों की रूपरेखा तैयार कर 2024 का साल जरूरतमंदों के लिए भगवान राम के समक्ष समर्पित करने संकल्प लिया। डॉ. कालिंदी ने बताया कि 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक जिला अध्यक्ष वीना गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करने का मौका मिला है। 2024 में सामाजिक कार्यों के साथ धार्मिक कार्यों को भी अधिक से अधिक प्राथमिकताएं दी जाएगी। डॉ.कालिंदी ने बताया कि पिछले दिनों भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामलाल चौक से झंडा वितरण किया गया था तथा संकल्प लिया गया था कि इस वर्ष जरूरतमंदों को समर्पित किया जाए। क्लब का हर सदस्य निर्धनों की विभिन्न तरीकों से मदद करेगा।

## कांग्रेस सरकार बनने पर होगा पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों का विकासः कुंडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू संबोधन करते हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत्त हलका पानीपत ग्रामीण की सैनी कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी की जनहित नीतियों के बारे में लोगों को युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि दस साल से राज कर रही भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण पानीपत ग्रामीण हलके की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पानीपत ग्रामीण हलके का तेजी से विकास करवाया जाएगा। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, तेलू राम सैनी, साधुराम त्यागी, राम सिंह सैनी, प्रेम लठवाल, कृष्णा पंडित, पवन स्वामी, धनपत सिंह समेत बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## अनाज मंडी में श्याम संकीर्तन कल

- श्याम संकीर्तन स्थल पर स्थापित किया प्रभु निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** संकीर्तन स्थल पर निशान स्थापित करते आयोजक मंडल के सदस्य ।

श्री श्याम कृपा सेवा मंडल के तत्वावधान में तीन फरवरी को अनाज मंडी में होने वाले श्री श्याम संकीर्तन के लिए श्री श्याम सेवकों ने बुधवार को जागरण स्थल पर श्री श्याम प्रभु का निशान लगाया। मंडल के प्रधान सुभाष गोयल ने बताया कि शहर वासियों की सुख शांति के लिए सभी सेवक मिलकर हर साल श्री श्याम बाबा का संकीर्तन करते हैं। इस बार 3 फरवरी को बाबा का भव्य संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि समालखा के पूर्व विधायक एवं समाजसेवी रविन्द्र मच्छरौली रहेंगे। रवि जैन व मनीष मितल ने बताया कि संकीर्तन में स्वर लहरी सरदार हरमिंदर सिंह श्रोमी खलीलाबाद, हरिगढ़ निवासी विमल दीक्षित व प्रियंका चौधरी के साथ सोनीपत वासी संदीप तायल भी श्री श्याम प्रभु का गुणगान करेंगे। संकीर्तन सायं 5 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुभाष गोयल, पंकज जैन, विजय जैन, विनीत जैन, रवि जैन, मनीष मितल, विक्की जैन, रिक्की गोयल, सुनील कौशिक, सतबीर गोयल, देवेन्द्र मितल, संजय गर्ग व पार्षद संजय गोयल आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने ई-बस में सफर कर यात्रियों की समस्याओं को जाना

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदूषण को कम करने के लिए चालू की गयी ई-बस में शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने अपने पुराने बस अड्डे से नए बस अड्डे तक सफर किया। वही सफर के दौरान विधायक प्रमोद विज ने यात्रियों से उनके अनुभव जाने एवं सुझाव लिया और यात्रियों को सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट और जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। विधायक विज को छात्राओं ने भी बस सेवा को बेहतर बनाने के लिए सुझाव देते हुए बस पास बनवाने एवं किराया कम कराने की मांग की। इधर, विधायक ने सफर कर रही छात्राओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बात करके किराया कम कराने महिलाओं- बुजुर्गों एवं दिव्यांगों हेतु सीट रिजर्व कराने का भी विधायक प्रमोद ने यात्रियों को आश्वासन दिया।


ई-बस में यात्रियों से मुलाकात करते हुए विधायक प्रमोद विज।



आशा वर्कर्स जुलूस निकाल प्रदर्शन करते हुए।

## आशा वर्कर्स ने जुलूस निकाल प्रदर्शन किया

**पानीपत।** आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू एवं सहयोग सर्व कर्मचारी संघ जिला कमेटी के नेतृत्व में जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए 16 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए मिशन डायरेक्टर पंचकूला को लिखित हड़ताल नोटिस भेजा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान सविता, जिला सचिव सुशीला, उप प्रधान सुमन भारत नगर, सहसचिव सुनीता, पिंकी, लक्ष्मी, रीना व नूरजहां आदि ने किया। प्रदर्शन को सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, जिला सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष नवीन सपड़ा, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा जिला प्रधान बलवान सिंह, सचिव भले राम शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्यव्यापी आंदोलन के बाद हुए समझौते को सरकार द्वारा लागू नहीं किया जा रहा है। लगभग आठ महीने का आशा वर्कर्स का मानदेय भी नहीं मिला है। जिससे आशाओं में सरकार के खिलाफ भारी गुस्सा है।

## किसानों के लिए वरदान साबित होगी गेहूं की नई किस्मः डॉ दहिया

पानीपत। उपयुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि हिसार के गेहूं एवं जौ अनुभाग के द्वारा दो पानी व मध्यम खाद में अधिक उपज देने वाली गेहूं की एक नई किस्म डब्ल्यू एच 1402 ईजाद की गई है। गेहूं की इस किस्म की दो पानी में ही औसत उपज 50 क्विंटल प्रति हैक्टेयर व अधिकतम उपज 68 क्विंटल प्रति हैक्टेयर तक ली जा सकती है। यह किस्म पीला रतुआ, भुरा रतुआ व अन्य बीमारियों के प्रति रोगरोधी है। साथ ही यह किस्म कम पानी वाले जोन की अच्छी किस्म एनआईएडब्ल्यू 3170 से 7.5 प्रतिशत अधिक पैदावार देती है। डीसी ने बताया कि गेहूं की एक नई किस्म डब्ल्यू एच 1402 किस्म रेतीली, कम उपजाऊ व कम पानी वाले क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निकाली गई है। इस किस्म की अधिकतम उपज प्राप्त करने के लिए शुद्ध नत्रजन 90, फास्फोरस 60, पोटाश 40, जिंकसल्फेट 25 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर प्रयोग की सिफारिश की जाती है। किसान दो पानी में ही अधिक उपज ले सकते हैं, क्योंकि दिन प्रतिदिन भू-जल अधिक दोहन के कारण नीचे जा रहा है। अंतः यह नई किस्म कम पानी वाले क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगी। एच 1402 की बिजाई का उचित समय अक्तूबर के अंतिम सप्ताह से नवंबर का पहला सप्ताह है तथा बीज की मात्रा 100 किलो प्रति हैक्टेयर है। इस किस्म को दो पानी जिसमें पहला पानी बीजाई के 20-25 दिन बाद शिखर जड़े निकलते समय व दूसरा पानी बीजाई के 80-85 दिन बाद बालियां निकलते समय देने की जरूरत है।

## पानीपत में बढ़ता जा रहा है नेत्रदान के प्रति रुझान

# सिविल अस्पताल में मोतियाबिंद की सर्जरी प्रतिशत घट रहा

- फेको मशीन बिना इस्तेमाल के ही 2016 में कंडम घोषित कर दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला के लोग नेत्रदान के प्रति लगातार जागरूक हो रहे हैं। वर्ष 2023 में 440 लोगों ने मरणोपरांत नेत्रदान करने का फैसला करते हुए फार्म भरा है। पिछले साल महज 146 लोगों ने ही नेत्रदान करने संबंधी फार्म भरा था। ये इस साल के मुकाबले तीन गुना से अधिक है। इस साल अब तक मरणोपरांत 46 लोग नेत्रदान कर चुके हैं। वहीं पिछले साल महज 16 लोगों की नेत्रदान कराई गई थी। इस साल 2022 के मुकाबले साढ़े तीन गुना अधिक लोगों ने नेत्रदान किया है। इन नेत्रों को करनाल के माधवन आई बैंक व रोहतक पीजीआई भेजा गया है। नेत्रदान कराने में जनसेवा दल का सहयोग लिया जा रहा है। पानीपत के सिविल अस्पताल में सन 2008 में आई 15 लाख रुपये की फेको मशीन बिना इस्तेमाल के ही 2016 में कंडम घोषित कर दी गई थी। जिस डॉक्टर को इस मशीन से सर्जरी करने का प्रशिक्षण दिया गया था। उसका यहां से तबादला हो गया। इसके बाद से डॉक्टर यहां पुरानी पद्धति से सर्जरी कर रहे हैं।

### आंखों की सर्जरी के लिए कम आ रहे रोगी

स्वास्थ्य विभाग इस साल मोतियाबिंद के रोगियों की आंखों की सर्जरी करने में पिछड़ गया है। इसका मुख्य कारण चिरायु योजना के तहत मिलने वाली सुविधा हैं। नागरिक अस्पताल में अकसर इलाज के लिए निम्न व मध्यम वर्ग के परिवार ही आते हैं। इसमें से अधिक चिरायु योजना के पात्र हैं। इस योजना के तहत निजी अस्पताल में 10 हजार रुपये में अत्याधुनिक तकनीक से आंखों की सर्जरी हो जाती है। इसका भुगतान सरकार ही करती है। इसलिए लोग सरकारी अस्पताल में आने की बजाय निजी अस्पताल में ही आंखों की सर्जरी करवा रहे हैं। साल 2023-2024 में अब तक नागरिक अस्पताल में महज 91 लोगों की ही सर्जरी हुई है। हर माह औसतन 11 लोगों की ही सर्जरी हो रही है। जबकि 2022-2023 में प्रति माह औसतन 16 लोगों की सर्जरी हुई थी। पिछले वर्ष स्वास्थ्य विभाग 197 लोगों की सर्जरी करने में कामयाब रहा था। नागरिक अस्पताल में फिलहाल पुरानी पद्धति से सर्जरी होती है। इसमें मरीज को टांके आते हैं। इससे मरीज संतुष्ट नहीं होता। निजी अस्पतालों में अत्याधुनिक फेको मशीन से सर्जरी होती है। ये बिना टांकों की सर्जरी होती है। इसलिए मरीज निजी अस्पतालों में जाना पसंद करते हैं।

### सिविल अस्पताल में भी है बेहतर लैंस

पानीपत स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सिविल सर्जन ने बताया कि लोगों में ये भ्रांति है कि निजी अस्पताल में सरकारी अस्पताल से बेहतर सेवाएं हैं। जबकि उनके दोनों सर्जन बेहतर हैं। यहां मोतियाबिंद की सर्जरी में डलने वाला लैंस भी उच्च गुणवत्ता का है। उन्होंने माना कि सिविल अस्पताल में आंखों की सर्जरी पिछले साल की अपेक्षा कम हुई हैं।

## इसराना की छोरी कीर्ति ने जीता कुश्ती में सिल्वर मेडल



इसराना। इसराना की बेटी कीर्ति जागलान ने महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के 53 किलो भार वर्ग में कुश्ती में सिल्वर मेडल जीत कर गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है। सिल्वर मेडल जीतने पर गांव में खुशी का माहौल है। इससे पहले गत वर्ष दिसंबर में हुए आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में कीर्ति जागलान गोल्ड मेडल जीत चुकी है। इसराना के छोटे से किसान चरण सिंह जागलान की छोटी बेटी कीर्ति जागलान ने स्कूल स्तर से ही उसका रुझान कुश्ती की तरफ था। सबसे पहले कक्षा सातवीं में पढ़ते हुए स्कूली खेल प्रतियोगिता में कुश्ती में राज्य स्तर पर 38 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जितने पर कीर्ति का सलेक्शन साईं हिसार में हुआ था। उसके बाद कीर्ति जागलान ने पीछे मुडकर नहीं देखा। कीर्ति जागलान ने नैशनल स्तर पर रैंकिंग में 53 किलों भार वर्ग में गोल्ड मेडल जितने के बाद उसका कुश्ती में मेडल जीतने का सिलसिला जारी है। खेलों इंडिया गेम्स में भोपाल में भी गोल्ड मेडल जीता कर गांव इसराना ओर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## रोकबॉल में जीता गोल्ड

पानीपत। हिमगिरी पब्लिक स्कूल के खिलाडियों ने सेवा सदन साधना केंद्र पट्टीकल्याणा में नेशनल स्तर पर होने वाले रोकबाल खेल में गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल व प्रदेश के मान.सम्मान को बढाया है। हिमगिरी स्कूल के खेल प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि हमारे स्कूल के दो खिलाडियों हिमांशु व दीपांशु ने हरियाणा प्रदेश की तरफ से खेलते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को दी जरूरी जानकारी

**अंबाला।** मंडल रोजगार कार्यालय अम्बाला द्वारा 2 फरवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर तथा डिविजनल इंप्लोयमेंट ऑफिस में मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा कैरियर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान की उप प्रधानाचार्या ज्योति तथा स्टाफ के सहयोग से किया गया। सिद्धेश सिंह, सहायक रोजगार अधिकारी ले छात्रों को जरुरी जानकारी दी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी सलीम खान उर्फ जमील को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। सालेपुर गांव के राम प्रकाश ने 27 फरवरी 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि बंसल पैलस के पास से किसी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरी के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबला।** थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी रवि कुमार व कुलबीर सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। शहजादपुर के तरसेम ने 1 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव शहजादपुर में स्थित उसके खेत के ट्यूबवेल से आरोपी कुलबीर सिंह ने इन्वर्टर व बैटरी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### उचाना में उपमुख्मंत्री दुष्यंत चौटाला कल

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि तीन फरवरी को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जींद जिले का दौरा करेंगे। इस दिन वे प्रातः साढ़े दस बजे उचाना उपमंडल के छात्तर गांव की गऊशाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद उपमुख्यमंत्री प्रातः साढ़े 11 बजे उचाना खुर्द में आमजन की समस्याएं सुनेंगे।

### लोक नृत्य दलों के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा जींद सहित हरियाणा के अन्य जिलों से लोकनृत्य दलों के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक दल 29 फरवरी तक विभाग की मेल आईडी 'पर आवेदन कर सकते हैं। राज्य के पंजीकृत लोक नृत्य दलों को ही विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनुबंधित किया जाएगा।

### नि:शुल्क हृदय जांच एवं हड्डी रोग शिविर तीन को

**जींद।** आगामी तीन फरवरी शनिवार को गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में निशुल्क हृदय जांच शिविर में हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। पानीपत से चिकित्सक टीम हृदय जांच व हड्डी जांच को लेकर सेवाएं प्रदान करेगी। टीम में शामिल लैब मे ईसीजी, बीपी, तीन महीने का ब्लड शुगर प्रोफाइल व अन्य जरूरी लैब टेस्ट किए जाएंगें।

# चंद्रपुरी कॉलोनी में होगा शिव पार्वती धर्मशाला का निर्माण

- अनिल विज ने रखा नींव पत्थर

## बोले, चंद्रपुरी व सुंदरनगर में करवाया जा रहा है पर्याप्त विकास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

गृह एवं स्वास्थ्य श्री अनिल विज ने वीरवार को चंद्रपुरी में शिव-पार्वती धर्मशाला का नींव-पत्थर रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह उस व्यक्ति के चरण स्पर्श करना चाहते हैं जिसने चंद्रपुरी में धर्मशाला बनाने के लिए अपनी जमीन चंद्रपुरी विकास सभा को उपलब्ध कराई है। वह उस व्यक्ति का तहेदिल से आभार व्यक्त करना चाहते हैं। उन्होंने कहा जल्दी ही यहां पर धर्मशाला बनकर तैयार होगी जिसका यहां के निवासियों को लाभ मिलेगा। धर्मशाला निर्माण के लिए जितना खर्चा होगा वह किया जाएगा। छावनी में लोगों के सामाजिक कार्यों के लिए 140 से अधिक धर्मशालाओं का निर्माण किया गया है जोकि किसी कालोनी व शहर की आवश्यकताएं होती है। विज ने कहा कि चंद्रपुरी व सुंदरनगर कॉलोनी उनके चुनाव क्षेत्र से बाहर थी। जब यह उनके क्षेत्र में शामिल हुई तब यहां न नाली, न सडक़, न स्ट्रीट लाइट यहां तक बिजली आपूर्ति केवल दो-तीन घंटे होती थी। यहां के निवासियों ने सबसे पहले बिजली उपलब्ध कराने की मांग रखी थी। अब यहां बिजली आपूर्ति ठीक हो चुकी है। कभी कोई सोच नहीं सकता था कि चंद्रपुरी और सुंदरनगर में सीवरेज डल सकता है। हमने यहां सीवरेज डलवाकर दिया। यहां अधिकतर सडक़ें बन चुकी हैं। शेष के टेंडर खुल चुके हैं। उन्होंने बताया कि छावनी में लगभग तीन सौ सडक़ों की मरम्मत का पैसा मंजूर करवाकर दिया गया है।

### गली नालियों के साथ पानी निकासी की व्यवस्था पर हो रहा है काम

अनिल विज ने कहा कि यह सिस्टम की कमजोरी है कि प्लान कॉलोनियां न बनाकर बिना प्लान कॉलोनियां बनती हैं। जहां न पार्क, न स्कूल, न धर्मशाला, न डिस्पेंसरी और न ही कोई सार्वजनिक स्थान होता है। बिना प्लान कॉलोनी में प्रापर्टी डीलर प्लाट बेच आगे निकल जाते हैं। मगर लोगों को यह कठिनाई न झेलनी पड़े इसके लिए हम काम कर रहे हैं। चंद्रपुरी विकास सभा की ओर से गृह मंत्री अनिल विज का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री द्वारा क्षेत्र का स्वरूप पूरी तरह से बदल दिया गया है। यहां पर बिजली, पेजयल आपूर्ति बेहतर हुई है साथ ही सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, गलियां एवं अन्य सुविधाओं मंव गृह मंत्री अनिल विज ने प्रयासों से इजाफा हुआ है।सभा के पदाधिकारी शिवरतन शर्मा, नवल किशोर त्रिपाठी, सुभाष मेहता, सोहनलाल, रोशनलाल, यादराम शर्मा, ओमप्रकाश, कुलदीप शर्मा, चंद्रशेखर, विजय कुमार, संजीव कुमार, राम चांदना, प्रेम सिंह पटवाल, संजय कुमार, राजेंद्र सिंह, रामप्रसाद, चंद्रमान, अनिल कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।



अंबाला। धर्मशाला का निर्माण कार्य शुरु करवाते गृहमंत्री अनिल विज व मौजूद लोग।



शहजादपुर। प्रतिभा का प्रदर्शन करती एक छात्रा।

### डांस में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा टैलेंट सर्च कार्यक्रम में जमकर झूमे

**शहजादपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पतरेहड़ी में खंड स्तरीय टैलेंट सर्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कक्षा 6 से 8 के बच्चों के लिए क्रमशः नृत्य सोलो, गायन सोलो और विजुअल आर्ट में अपनी प्रतिभाओं को दर्शाने के लिए रखा गया। इस कार्यक्रम में खंड के सभी विद्यालयों ने अपनी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी सब्रवाल ने कार्यक्रम में शिरकत की तथा बच्चों को आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के जोड़ल के रूप में प्रधानाचार्य नीलम शर्मा तथा निर्णायक कमेटी में मोनिका नरवाल, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, सुशील कुमार और मनीष कुमार उपस्थित रहे।

## सरपंच के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने पंचायती जमीन का किया मुआयना

# चार एकड़ में बनेगा खेल स्टेडियम, तीन एकड़ में सामुदायिक भवन बनाने की मुहिम शुरू

### शिव धाम गौरी तालाब को भी किया जाएगा पक्का

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना**

युवा पंचायत गांव को विकसित करने के लिए प्रयासरत है। ग्राम पंचायत द्वारा अपने वायदे के अनुसार जहां पिछले दिनों पूरे गांव को स्ट्रीट लाइट से जगमग करने का काम किया गया है। वहीं पंचायत गांव में व्यापक सफाई अभियान छेड़े हुए है। पंचायत गांव में सीवरेज लाने के लिए भी प्रयास कर रही है । अब पंचायत तीन नए बड़े विकास कार्य करने जा रही है। इन कार्यों को अमलीजामा पहुंचाने के लिए संबंधित विभाग की टीम ने गांव में पंचायती जमीन का मुआयना किया है।

इस दौरान प्रशासनिक टीम के साथ सरपंच प्रवीन कुमार भी मौजूद रहे। ग्राम सरपंच प्रवीन कुमार ने हुए बताया कि गांव में शिवधाम गौरी ताल मंदिर के पास बना शिव धाम गौरी तालाब अमृत सरोवर योजना के तहत पक्का किया जाएगा।

इससे तालाब का अनोखे रूप से सौंदर्य करण भी होगा। इसके अलावा मुलाना झाड़ूमाजरा मार्ग पर पंचायती जमीन में 4 एकड़ में स्टेडियम बनाया जाएगा। इससे गांव के खिलाडियों को खेल संबंधित सुविधा गांव में ही मिलनी शुरू होगी।

उन्होंने बताया कि गांव में स्टेडियम बनाने की मांग बहुत पुरानी है जोकि जल्द ही पूरी होगी। गांव की 3 एकड़ जमीन में एक सामुदायिक भवन बनेगा। इससे लोगों को विवाह व अन्य समारोह के लिए प्रयोग कर सकेंगे । ग्रामीणों को विवाह आदि कार्यों के लिए पैलेस के लिए अधिक व्यय नहीं करना पडेगा। जिस जगह पर उक्त कार्य होने है।

वहां प्रशासनिक टीम ने मुआयना कर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने के बात कही है। सरपंच ने कहा कि ग्राम पंचायत उक्त तीनों कार्यों के अलावा भी जल्द ही अन्य कई विकास कार्य सरकार की मदद से शुरू कराएगी।

टीम में पचांयती राज एक्सईएन जिले सिंह,एसडीओ नरेश राठी, जेई पंकज कुमार, जेई गुरविंद्र सिंह मौजूद रहे।



**मुलाना।** खेल स्टेडियम के लिए जमीन का मुआयना करते प्रशासनिक अधिकारी।

### वर्षों से उठ रही थी खेल मैदान की मांग

गौरतलब है कि मुलाना क्षेत्र का बड़ा गांव है। यहां की बात करे तो यहां खेल मैदान का अभाव है। जब कि क्षेत्र में कई जगह छोटे छोटे गांव में भी खेल मैदान बने हुए है ।यहां खेल मैदान के नाम पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का चौधरी फूल चंद क्रीड़ा आंगन के नाम से खेल मैदान था। हालांकि खेल मैदान ज्यादा बड़ा नहीं था लेकिन फिर भी खेल मैदान खिलाड़ियों की प्रैक्टिस के मुताबिक ठीक था।कुछ वर्ष पहले इस खेल मैदान में शिक्षा विभाग की और से कुछ कमरों का निर्माण करा दिया गया। ग्रामीणों द्वारा उस समय खेल मैदान में कमरे बनने का विरोध भी हुआ लेकिन किसी की एक न चली अंत मे शिक्षा विभाग ने खेल मैदान में कमरों का निर्माण कर दिया। इसके चलते युवाओं के लिए खेल मैदान छोटा पड़ गया। वर्षों से गांव में स्टेडियम बनाने की मांग चल रही थी ताकि युवा खेलों की और अग्रसर हो और सेना ,पुलिस व अन्य नौकरी के लिए शारिरिक फिटनेस पा सके।



**अंबाला।** एकेडमिक सैल की तरफ से डॉ. अमरजीत सिंह को स्मृति चिह्न देते शिक्षक।

## सोशल मीडिया पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे हो रहा है भ्रामक प्रचार

- सरकारी कॉलेज में इंडियन नॉलेज सिस्टम पर चल रहा शॉर्ट टर्म कोर्स समाप्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में इंडियन नॉलेज सिस्टम पर चल रहे सात शॉर्ट टर्म कोर्स का समापन हो गया। समापन अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. अमरजीत सिंह ने भारत पाक विभाजन व महात्मा गांधी पर अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा की मोहम्मद अली जिन्ना की संकीर्ण सांप्रदायिक राजनीति के कारण महात्मा गांधी की देश का विभाजन रोकने की सभी कोशिश नाकाम रही। उन्होंने कहा की गांधी विश्व के सबसे ज्यादा सम्मानित राजनेता हैं इसलिए देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान को व्यापक परिपेक्ष में देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा की सोशल मीडिया पर महात्मा गांधी के बारे में बहुत से भ्रामक तथ्य प्रचारित किए का रहे हैं।

इनका कोई प्रमाण नहीं है। ऐसा करके कुछ राजनीतिक ताकतें अपना मकसद पूरा करती हैं। यह दुख का विषय है की खुद गांधी के देश में यह हो रहा है।

इस मौके पर कॉलेज डॉ. अतुल यादव ने सात दिन की समीक्षा प्रस्तुत की। एकेडमिक सैल की तरफ से डॉ. अमरजीत सिंह को कॉलेज की तरफ से स्मृति चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम में डॉ. तंजूम कांबोज ने मंच संचालन किया।

# भारत में 30 लाख लोग कैंसर से पीड़ित 11 लाख नये मामले: डॉ. जतिन सरीन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़**

भारत में 30 लाख लोग कैंसर से पीड़ित हैं, जिनमें से 11 लाख नए मामले हैं। भारत में कैंसर हर साल 5 लाख लोगों की जान लेता है। भारत में महिलाओं में ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर सबसे आम कैंसर है, जबकि पुरुषों में फेफड़े और लीवर का कैंसर सबसे आम है।" गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आईवीवाई अस्पताल, मोहाली में मेडिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. जतिन सरीन ने कहा कि कुछ दशक पहले, ब्रेस्ट कैंसर केवल पचास वर्ष की आयु के बाद देखा जाता था और इस बीमारी से पीड़ित युवा महिलाओं की संख्या लगभग 65- कम थी। 70% मरीज 50 वर्ष से ऊपर के थे और केवल 30 से 35% महिलाएँ पचास वर्ष से कम उम्र की थीं।आईवीवाई अस्पताल, मोहाली में वरिष्ठ सलाहकार और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के एचओडी डॉ. विजय बंसल ने बताया कि भारत में वैश्विक स्तर पर मुंह के कैंसर का प्रचलन सबसे अधिक है, हर साल ऐसे कैंसर के 75,000 से 80,000 नए मामले सामने आते हैं।मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. प्रियांशु चौधरी ने कहा: "जीवनशैली में बदलाव से एक तिहाई कैंसर को रोका जा सकता है।

ब्रेस्ट सेल्फ-एग्जामिनेशन और मैमोग्राफी प्रारंभिक चरण में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों को कम करने की एक अच्छी तकनीक है और छाती के एक्स-रे और पीएसए जैसी सरल जांच प्रारंभिक चरण में फेफड़ों के कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर का पता लगाने में मदद कर सकती है।वरिष्ठ सलाहकार और एचओडी रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ. मीनाक्षी मित्तल ने कहा कि अगले दो दशकों में कैंसर के नए मामलों की संख्या लगभग 70 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।डॉ. मीनाक्षी शर्मा कंसल्टेंट रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ने कहा कि रेडिएशन थेरेपी में कैंसर कोशिकाओं को मारने के लिए शरीर में उच्च ऊर्जा एक्स-रे पहुंचाना और आस-पास के सामान्य अंगों पर अप्रिय दुष्प्रभाव डाले बिना उनके बढ़ने और विभाजित होने की क्षमता को बाधित करना शामिल है।



### सम्मान भत्ता बढ़ाए जाने पर जताया आभार

**बराड़ा।** जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अंबाला सोनिया परोचा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा वृद्धावस्था सम्मान भत्ता बढ़ाए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके सरकार ने चुनाव घोषणा पत्र में किया वादा पूरा कर दिखाया है। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में प्रदेश की जनता से किया गया वादा वृद्धावस्था सम्मान भत्ता तीन हजार रुपये किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि सत्ता संभालने के बाद सरकार ने एक नियम के तहत हर साल 250 रुपये की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया और इसके तहत लाभपात्रों को सम्मान भत्ता मिलता रहा।

# जन स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी

- वार्ड नंबर नौ में दूषित पानी की हो रही है सप्लाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना**

शहर के वार्ड नंबर 9 में पानी सप्लाई में दूषित पानी आने पर वार्ड की महिलाओं, पुरूषों ने रोष प्रदर्शन कर दूषित पानी की सप्लाई की समस्या को दूर करने की मांग की। मायादेवी, फुल्ली देवी, गुड्डी, अंग्रेजो, संतोष ने कहा कि करीब दो महीनों से पानी सप्लाई के दौरान दूषित पानी आ रहा है। कई जगहों से पाइप लाइन लीकेज है। दूषित पानी सप्लाई के पानी में आने से दूसरे वार्डों से जाकर पीने का पानी लेकर आना पड़ता है। इसको लेकर कई बार अवगत करवा चुके है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। दूषित पानी जो सप्लाई में आता है वो पीने के तो दूर उससे कपड़े भी नहीं धोएं जा सकते है। जन स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि स्वच्छ पानी सप्लाई हो इसको लेकर पुख्ता प्रबंध हो। जन स्वास्थ्य विभाग जेई पुनीत साहू ने कहा कि गंदे पानी की सप्लाई अगर हो रही है तो उसका समाधान करवाया जाएगा।



**उचाना।** गंदे पानी की सप्लाई वार्ड नंबर 9 में आने पर रोष प्रकट करते हुए।

## वित्त मंत्रालय के दो सहायक निदेशकों के बैग चोरी, जरुरी दस्तावेज ले गए चोर

**अंबाला।** शताब्दी एक्सप्रेस में सफर कर रहे केंद्रीय वित्त मंत्रालय के 2 सहायक निदेशकों के बैग चोरी हो गए। इसी तरह चंडीगढ़ एक्सप्रेस में पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। अब जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। गाजियाबाद के सेक्टर-5 के रहने वाली सहायक निदेशक प्रज्ञा प्रतिष्ठा ने बताया कि 17 दिसंबर को अमृतसर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर-12014) के कोच नंबर-सी-10 में सहायक निदेशक राहुल मीना के साथ अमृतसर से न्यू दिल्ली के लिए सफर कर रही थी।प्रज्ञा के मुताबिक, उसका सीट नंबर सी10/55 था, जबकि उसके साथी राहुल मीना का सी10/53 था। ट्रेन सुबह 4.55 बजे अमृतसर से चली थी लेकिन जैसे ही ट्रेन अंबाला रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो चोर ने उनके बैग चोरी कर लिए। बैग में गवर्नमेंट आई कार्ड, पैन कार्ड, डेबिट कार्ड, पैंसिल के साथ आई-पेड, की-बोर्ड, चार्जर, इयरपॉड्स, जेबीएल स्पीकर था। सहायक निदेशक राहुल मीना के बैग में गवर्नमेंट आई कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, घड़ी, डेबिट कार्ड का पर्स व क्रेडिट कार्ड था। दिल्ली से शिकायत ट्रांसफर होकर आने पर अंबाला जीआरपी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आहुजा परिवार समेत भाजपा में शामिल

**अंबाला।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस नेता दिनेश आहूजा परिवार सहित वीरवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। विज ने पार्टी के पटके पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान दिनेश आहूजा के अलावा उनके पिता अमरनाथ आहूजा, अशोक आहूजा, संजीव आहूजा, अजय आहूजा, राजिंद्र नागपाल, सुभाष नागपाल, विशाल धनवान, सागर छाबड़ा, हिमांशु बत्तरा एवं अन्य दर्जनों लोग भाजपा में शामिल हुए।



अंबाला। भाजपा में शामिल हुए कांग्रेसी नेता।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## सूचना देने वाले को दिया जा रहा है एक लाख का इनाम

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए किया बेहतर प्रयास

- महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त अमनीत पी कुमार ने राज्य में लिंगानुपात में बेहतर सुधार के लिए तय किया लक्ष्य, सरपंचों से अहम भूमिका निभाने का आग्रह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त अमनीत पी. कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में लड़कियों व महिलाओं को कई योजनाओं के जरिए सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने का काम किया है। उसी तर्ज पर मुख्यमंत्री इस विषय पर कार्य किए हैं। इसी वजह से प्रदेश में लिंगानुपात में काफी सुधार हुआ है। आयुक्त अमनीत पी. कुमार वीरवार को किंगफिशर पर्यटन स्थल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय बुद्धिशीलता कार्यशाला के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लडक़ों व लड़कियो में हमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। सभी एक समान हैं। लड़कियां हर क्षेत्र में परचम लहराकर देश व प्रदेश का नाम भी रोशन कर रही हैं। लड़कियों व महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई हुई हैं। उन्होने कहा कि लिंगानुपात में पहले की अपेक्षा प्रदेश बेहतर स्थिति में है। इस लिंगानुपात में और सुधार करना है। एक हजार लडक़ों के पीछे 950 प्लस का लक्ष्य निर्धारित कर इसे हासिल करना है। इस कार्य में सभी की सहभागिता एवं जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सरपंचों व अन्य को कहा कि वे लिंगानुपात के कार्य में प्रशासन का सहयोग करें। जहां पर भी कन्या भूरण हत्या की कोई जानकारी हो उसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दें। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल महिलाओं तक ही सीमित नहीं रखना है। सरपंच अपने गांव में जाकर आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर व पंचों के साथ बैठक लें। यह संदेश गांव में घर-घर तक पहुंचाएं कि लडक़ा-लडक़ी में किसी प्रकार का भेद न रखें। ग्राम सभाओं के दौरान गुड्डा-गुड्डी के बोर्ड लगवाएं। आंगनवाड़ी के रजिस्टर में यह आंकलन करें कि जिसकी शादी हुई है, उनकी काउंसलिंग करें। उन्हें भी जागरूक करें कि लड़कियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। जो गर्भवती महिलाएं हैं उन्हें भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में लिंगानुपात कम था उन गांव के सरपंचों को भी जागरूक करते हुए लिंगानुपात में सुधार के लिए आह्वान किया जाए। कार्यक्रम के दौरान स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. जीएन सिंघल ने भी उपस्थित सभी को कन्या भूरण हत्या न करने बारे जागरूक किया।



**अंबाला।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र व छात्राओं को सम्मानित करती आयुक्त।